**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक 11.06.2024** **समय 18.30**

- **केन्द्र में नयी मंत्रिपरिषद में शामिल कई मंत्रियों ने आज अपना कार्यभार ग्रहण किया।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में बिजली तंत्र की मजबूती के लिए विभिन्न एमओयू को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिये।**
- **प्रदेश में कहीं तेज गर्मी तो कहीं आंधी बारिश– मौसम विभाग ने कोटा, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश की संभावना जताई।**
- **सरिस्का अभ्यारण्य में 3 नये शावक दिखे–उद्यान में बाघों की संख्या बढकर 43 हुई।**

000

केन्द्र में नयी मंत्रिपरिषद में शामिल कई मंत्रियों ने आज अपना कार्यभार ग्रहण किया। अमित शाह ने आज गृह मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने सहकारिता मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला। शिवराज सिंह चौहान ने आज कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय का कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण करने बाद श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री के किसानों की आय दोगुना करने के लक्ष्यं को पूरा करने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। सरकार किसानों के कल्यांण के लिए हर संभव कदम उठाएगी और तेज गति से कार्य करेगी। अश्विनी वैष्णव ने रेल और सूचना और प्रसारण मंत्री का पदभार ग्रहण किया। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने श्री वैष्णव का स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री वैष्णव ने कहा, जनता ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की सेवा करने का आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा, पिछले दस वर्षों में श्री मोदी लोगों के जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन लाये हैं। वे भारत की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर ले आये हैं। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज संस्कृति और पर्यटन मंत्रालयों का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए शेखावत ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान मोदी सरकार ने संस्कृति और कला के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है, जिसकी वजह से भारत की संस्कृति को देखकर पूरा विश्व चकित है। विकसित भारत बनाने में संस्कृति और पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में संस्कृति, कला और पर्यटन के क्षेत्र में नए सोपान तय करने के लिए शानदार काम किया जाएगा। श्री शेखावत ने कहा कि देश की जनता विकसित भारत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। श्री भूपेन्द्र यादव ने आज पर्यावरण मंत्रालय का पदभार ग्रहण किया। इसी तरह गिरिराज सिंह ने केंद्रीय कपडा मंत्री, सुरेश गोपी ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री, किरेन रिजिजू ने संसदीय कार्यमंत्री और अल्प संख्यक मंत्रालय का कार्यभार ग्रहण किया। मनोहर लाल, जितेन्द्र सिंह, जयंत चौधरी, संजय सेठ, ज्योतिरादित्य सिंधिया और जगत प्रकाश नड्डा ने भी अपना कार्यभार ग्रहण किया। हरदीप सिंह पुरी, जीतन राम मांझी और अन्नपूर्णा देवी ने भी अपना कार्यभार ग्रहण किया। डॉ. एल. मुरुगन, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और अन्नपूर्णा देवी ने अपना कार्यभार ग्रहण किया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में बिजली तंत्र की मजबूती के लिए विभिन्न विद्युत निगमों और केन्द्रीय उपक्रमों के साथ हुए एमओयू को समयबद्ध पूरा करें। उन्होंने अधिकारियों को इन प्रोजेक्ट्स की रोजाना मॉनिटरिंग करने को कहा है। साथ ही, विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार हो जिससे आमजन, किसान तथा उद्यमी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री कार्यालय में ऊर्जा विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य की भौगोलिक स्थिति के दृष्टिगत कुछ महीने राज्य में बिजली की मांग उपलब्धता से कहीं अधिक रहती है लेकिन अब राज्य सरकार द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में हाल ही में किए गए एमओयू से राजस्थान की बिजली मांग की भी पूर्ति होगी तथा राज्य बिजली उत्पादन में सरप्लस की श्रेणी में आ जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी रबी फसल के सीजन को देखते हुए विभाग अपनी तैयारियां पूरी रखें

जिससे किसानों को सिंचाई के लिये सुचारू बिजली मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को सिंचाई के लिये दिन में बिजली आपूर्ति उपलब्ध करवाने के संकल्प के साथ काम  कर रही है तथा पीएम कुसुम योजना के माध्यम से इस लक्ष्य को पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके लिए मिशन मोड पर काम किया जाए।

000

राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि विद्यार्थी जीवन में हमेशा सीखने के लिए तत्पर रहते हुए अपने ज्ञान से समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दें। राज्यपाल आज बीकानेर के स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि भारत को खाद्यान्न आपूर्ति में अग्रणी राष्ट्र बनाने में कृषि अनुसंधानों की महत्ती भूमिका रही है। जलवायु परिवर्तन और खाद्यान्न आवश्यकता के अनुरुप कृषि विश्वविद्यालयों में निरंतर अनुसंधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों तक नवीनतम कृषि अनुसंधानों और कृषि प्रौद्योगिकी का  लाभ पहुंचे, इसके लिए विश्वविद्यालयों को और प्रयास करने होंगे। पोषण सुरक्षा से जूझ रहे देशों की मदद के लिए तकनीक हस्तांतरण में भी कृषि विश्वविद्यालयों को अहम भूमिका निभानी होगी। श्री मिश्र ने कहा कि कृषि प्रधान देश के रूप में भारत में कृषि शिक्षा में नवाचार की बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि नए अनुसंधानों के साथ परंपरागत कृषि को आधुनिक परिपेक्ष्य में विकसित  करने से सार्थक परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। समारोह में 1 हजार 569 विद्यार्थियों को उपाधियां तथा 19 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और तीन विद्यार्थियों को कुलाधिपति ने स्वर्ण पदक दिये गये।

000

जम्मू–कश्मीर में हुई आतंकी घटना में मारे गए 4 लोगों के शव जयपुर पहुंचने के बाद आज जयपुर के मुरलीपुरा और चौमूं थाने के बाहर लोगों ने प्रदर्शन किया। चौमूं में सुबह साढ़े दस बजे से चल रहा धरना शाम साढ़े 4 बजे प्रशासन और स्थानीय लोगों में हुई सहमति के बाद हुआ। मृतक आश्रितों को 50 लाख रुपए मुआवजा और दो सदस्यों को संविदा पर नौकरी, एक डेयरी बूथ देने पर सहमति बनी। चौमू विधायक शिखा मील बराला ने मीडिया को बताया कि आतंककारी घटना के खिलाफ लोगों में रोष था इसे लेकर परिजनों और नागरिकों ने धरना दिया। प्रशासन से बातचीत के बाद धरना खत्म करने का फैसला किया गया।  हालांकि जयपुर के मुरलीपुरा में अभी सहमति नहीं बनी है।

000

देश में आगामी एक जुलाई से तीन नये आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। उनमें समय की मांग के अनुसार नये प्रावधान शामिल किये गए हैं। इसी के बारे में जागरूकता के लिये आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिन में श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको बच्चों और किशोरों द्वारा किये गये अपराधों के संबंध में नये प्रावधानों की जानकारी दे रहे हैं :–

भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 20 कहती है कि सात साल से कम उम्र के बच्चे द्वारा किया गया कोई भी कार्य अपराध नहीं है। इसकी धारा 21 के अनुसार, सात साल से अधिक उम्र और बारह साल से कम उम्र के बच्चे द्वारा किया गया कोई भी कार्य अपराध नहीं है, जिसने उस अवसर पर अपने कार्य की प्रकृति और परिणामों का आंकलन करने के लिए पर्याप्त समझ की परिपक्वता प्राप्त नहीं की है। धारा 401 अच्छे आचरण के लिए या चेतावनी के बाद, परिवीक्षा पर रिहा करने के आदेश की बात करती है। किशोर न्याय अधिनियम के अनुसार, जैसे ही कानून का उल्लघंन करने वाले बच्चे को पुलिस द्वारा पकडा जाता है, ऐसे बच्चे को विशेष किशोर पुलिस इकाई या नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के प्रभार में रखा जाना चाहिए, जो बच्चे को 24 घंटे के भीतर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए बाध्य है। बच्चे को पुलिस लॉकअप में नहीं रखा जाना चाहिए या जेल में बंद नहीं किया जाना चाहिए। इसके अलावा ऐसे बच्चे को, चाहे उसने जमानती या गैर–जमानती अपराध किया हो, जमानत के साथ या उसके बिना श्योरिटी पर रिहा किया जाना चाहिए। केवल कुछ विशेष परिस्थितियों में ही उसे जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता है, लेकिन उस स्थिति में उसे किशोर न्याय बोर्ड के सामने लाए जाने तक निर्धारित तरीके से अवलोकन गृह में रखा जाना चाहिए।

000

प्रदेश में आज मौसम का मिला–जुला मिजाज देखने को मिला। **उदयपुर** में तेज बारिश हुई। **भीलवाड़ा** में सुबह से तेज धूप के बाद दोपहर में मौसम में अचानक बदलाव हुआ। शहर के शास्त्री नगर और रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बरसात हुई है जिसके कारण तापमान में गिरावट हुई। **उदयपुर** में आज दोपहर हुई तेज बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया। इस दौरान कई जगह पेड़ गिर गये। **नागौर** जिला मुख्यालय पर आज दोपहर बाद बारिश हुई। करीब एक घंटे तक रूक–रूक कर हुई बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। बारिश से मौसम में ठण्डक आ गई है। **जोधपुर** ग्रामीण में अचानक शाम को मौसम में बदलाव हुआ। आंधी के साथ कहीं–कहीं हल्की बूंदा–बांदी हुई। **केकडी** जिले में रिमझिम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। **श्रीगंगानगर** में भीषण गर्मी रही। रात में भी लू के हालात रहे। पाली में भी तेज गर्मी रही। इस बीच मौसम विभाग ने आज कोटा, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश की संभावना व्यक्त की है।

000

सरिस्का में अब उद्यान में बाघों का कुनबा एक बार फिर बढ़ने की खबर है। बाघिन एसटी–17 के साथ 3 शावक दिखाए दिए। नए शावक अकबरपुर रेंज में कैमरा ट्रैप में दिखाई दिए। इसके साथ ही सरिस्का में बाघों की संख्या बढ़ कर अब 43 हो गयी है। सरिस्का में अब 11 नर टाइगर, 14 मादा टाइगर और 18 शावक हैं। वन मंत्री संजय शर्मा ने सरिस्का में निरंतर बढ़ रही बाघों की संख्या पर खुशी जताई है। गौरतलब है कि सरिस्का में पिछले 4 महीने में 13 नए शावक मिले हैं।

000

बाड़मेर ज़िले में तेल की खोज करने वाली केयर्न कंपनी ने देश का सबसे बड़ा क्षारीय पॉलीमर इंजेक्शन प्रोजेक्ट शुरू किया है। इस नई तकनीक के इस्तेमाल से बाड़मेर ज़िले में मंगला तेल क्षेत्र में तेल के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

000

रेलवे ने ट्रेनों में टीटीई का कार्य पेपरलेस बनाने की दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए ऑनलाइन पेमेंट का नवाचार शुरू किया है। इसके तहत कागज पर प्रिंट होने वाले रिजर्वेशन चार्ट को रेलवे ने पहले ही हाईटेक करते हुए इसे टीटीई को उपलब्ध कराई गई हैंड हेल्ड टर्मिनल मशीन में समायोजित कर दिया है। इससे ट्रेन में रिजर्व टिकटों की जांच ऑनलाइन होना शुरू हो गई है। स्टेशनों पर टीटीई में चार्ट का आदान–प्रदान भी बंद हो गया है। अब चलती ट्रेन में ऑनलाइन पेमेंट के सिस्टम ने रेलवे में टिकट जांच के साथ–साथ लेनदेन का काम भी आसान बना दिया है। रेल मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार जोधपुर मंडल पर टीटीई के पासकरीब तीन सौ हैंड हेल्ड टर्मिनल में मौजूद ऑनलाइन पेमेंट के लिए क्यू आर कोड को अपडेट कर दिया गया है।

000

पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट की आज पुण्यतिथि है, इस अवसर पर **दौसा** के जीरोता में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भंडाना स्मृति स्थल पर पुष्प अर्पित किये। सर्वधर्म प्रार्थना सभा के बाद 2 मिनट का मौन रखकर श्री पायलट को श्रद्धांजलि दी गई। **अजमेर** में भी राजेश पायलट को श्रद्धाजंलि दी गई। **भरतपुर** में राजेश पायलट की 24वीं पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई । राजेश पायलट पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया । इसके साथ ही पायलट छत्रावास में भी उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया ।

000

राजस्थान पुलिस के स्थापना दिवस के सिलसिले में आज भी प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम हुए। अजमेर में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित डिस्पेंसरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधिकारियों के साथ–साथ पुलिस जवानों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इससे पहले सुबह साइकिल रैली निकाल कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया गया। झालावाड ज़िले में सि सिलसिले में वाहन रैली निकाली गई। बूंदी में रक्तदान शिविर हुआ। हनुमानगढ में पुलिस दिवस के सिलसिले में पौधा रोपण किया गया। साथ ही 50 ट्री गार्ड भी लगाये गये। श्रीगंगानगर में पुलिस भरोसा दौड का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस अधीक्षक गौरव यादव, एएसपी रघुवीर शर्मा, सीओ शहर बी. आदित्य भी आमजन के साथ शामिल हुए। इसके अलावा पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

000